रिपोर्ट समदृष्टि और सृजन 2018-2019

दिनांक 1 अगस्त को समदृष्टि और सृजन कमेटी की बैठक बुलाई गई।

बैठक में उपस्थित सदस्य रहे:-

डॉ.अर्चना गौड़

डॉ.वंदना गुप्ता

सुश्री सीमा जोशी

डॉ.राजेश गौतम

डॉ.सलामी जॉन

डॉ.अलंकार

डॉ.प्रेरणा मल्होत्रा की क्लास होने के कारण बैठक में नही थी उन्होंने सूचना दी। डॉ.प्रतीक कुमार रिफ्रेशर कोर्स के ड्यूटी लीव पर होने के कारण बैठक में नही रहे।

समदृष्टि और सृजन कमेटी की प्रथम बैठक 1 अगस्त को सेमिनार कक्ष में हुई,जिसके अंतर्गत महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई और निर्णय लिए गए:-

1 विद्यार्थियों के सम्पादक मण्डल का निर्माण लिखित प्रतियोगिता द्वारा होगा सभी शिक्षक गण विद्यार्थियों के नाम देंगें उनके मध्य प्रतियोगिता होगी गत वर्ष विद्यार्थी संपादक मण्डल का चुनाव प्रवक्ताओं द्वारा नाम ले कर किया गया था। इस वर्ष प्रतियोगिता भी होगी।

2 2017- 2018 की समदृष्टि पत्रिका को वेबसाइट पर प्रकाशित करना।

3 क्योकि ये पत्रिका द्विभाषी है और अंग्रेजी विभाग की एक ही प्रवक्ता हैं,अतः अंग्रेजी विभाग से एक अन्य प्रवक्ता सहयोगी को इस कमेटी में शामिल किया जाए इस निर्णय लिया गया। अंग्रेजी विभाग की डॉ.प्रज्ञा देशमुख का नाम कमेटी ने पारित किया।

4 गत वर्ष की कठिनाइयों को देखते हुए पत्रिका के लिए एक तकनीकी विशेषज्ञ का होना भी अनिवार्य माना गया,विशेष रूप से फोटोग्राफ छटनी में उनकी आवश्यकता होती है, अतः प्रशासनिक कार्यो में सहयोगी नीरज (मीडिया लैब अटेंडेंट) का नाम कमेटी ने सुझाया।

5 पत्रिका के प्रिंट के लिए मांगे जाने वाली quotation के लिए प्रकाशकों के सम्मुख कॉलेज का एक फॉर्म तैयार किया जाए जिस में सभी जिज्ञासाओं की संतुष्टि हो सके।

6 समदृष्टि और सृजन के संपादक मंडल अलग हो,क्योकि सृजन में कलात्मकता (art & craft) का महत्व अधिक होता है।ये पिछले वर्षों से अलग रहेगा।

7 कमेटी ने प्रत्येक विधा पर प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव रखा जिससे सभी विधाओं पर विद्यार्थियों की मौलिक रचना मिल सके।

दिनांक 13 अगस्त 2018 को सृजन वॉल मैग्ज़ीन के सम्पादक मंडल ने "आज़ादी एक विचार" विषय पर कलात्मक पत्रिका सुसज्जित की, जिसकी सराहना की गई उसके कुछ चित्र संलग्न हैं।

दिनांक 6.8.18 को समदृष्टि के विद्यार्थी संपादक-मंडल हेतु सेमिनार कक्ष में 45 मिनटों की एक प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रवक्ताओं द्वारा सुझये गए प्रबुद्ध विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत अंग्रेजी और हिंदी द्विभाषी प्रतियोगिता कराई गई जिसमें लगभग 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया।विद्यार्थियों को एक लंबा अनुच्छेद दिया गया जिसमें वर्तनी,वाक्य-विन्यास,विराम चिन्हों की त्रुटियां थीं उस अनुच्छेद को समग्रतः शुद्ध करने के लिए कहा गया।इस प्रतियोगिता को सफल

बनाने में डॉ.सलोमी जॉन की विशेष भूमिका रही।डॉ.अर्चना गौड़,डॉ.वन्दना गुप्ता, डॉ.सीमा जोशी, डॉ.अलंकार की उपस्थिति सराहनीय रही।इस प्रतियोगिता के चित्र संलग्न हैं।

डॉ.अर्चना गौड़

संयोजिका

समदृष्टि और सृजन